# <u>प्रेस –विज्ञप्ति</u>

10.08.2021

दिनांक 10 अगस्त , 2021 को अपरान्ह 01:00 बजे से मर्चेंट्स चेम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा उ.प्र.- भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री ए.के. शर्मा, M.L.C. को आमंत्रित किया गया।

सत्र का प्रारम्भ मर्चेंट्स चेम्बर के अध्यक्ष श्री मुकुल टंडन ने श्री ए.के. शर्मा, M.L.C. को माल्यार्पण कर किया। श्री टंडन ने चेम्बर के गौरवान्वित इतिहास से श्री शर्मा एवं आगंतुकों को अवगत कराया एवं बताया कि मर्चेंट्स चेम्बर पिछले 9 दशक से प्रदेश के विशेष रूप से कानपुर के औद्योगिक एवं आर्थिक विकास के लिए सतत् प्रयासरत रहा है एवं एक विशेष भूमिका निभा रहा है। श्री टंडन ने कहा कि आपके आगमन से हमें आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि कानपुर शहर को पुनः उसका गौरव (Manchester of East) प्राप्त कराने हेतु मर्चेंट्स चेम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश का सतत प्रयास व आपका सहयोग एवं आशीर्वाद धरातल पर रंग लायेगा और कानपुर के औद्योगिकरण की राह में होने वाली कठिनाइयों को दूर करने तथा उद्योग के विकास को नया आयाम दिला सकेगा।

श्री सुशील शर्मा, चेयरमैन, इंडस्ट्री समिति, मर्चेंट्स चेम्बर ने श्री ए.के. शर्मा, M.L.C. जी का संक्षिप्त परिचय दिया।

**श्री ए.के. शर्मा, M.L.C.** ने अपने वक्तव्य में पंचदेव का उल्लेख करते हुए कहा कि वह निम्नलिखित पाँच विकासपरक बिंदुओं पर केंद्रित है:

**१: किसानों को दाम**

**२: नौजवानों को काम**

**३: महिला को सम्मान**

**४: पिछड़ों को मान**

**५: व्यवसायी को अभयदान**

जो देश के उत्थान, सम्पन्नता, एवं चतुर्मुखी बढ़ावे के लिए उत्तरदायी होते है। श्री शर्मा ने आश्वस्त किया कि वह व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से 5 बिंदुओं पर कार्य करके व्यापारिक, आर्थिक व सामाजिक प्रगति के लिए सदैव से ही प्रतिबद्ध रहे है। श्री शर्मा ने चेम्बर को सुझाव दिया कि चैम्बर अपने प्रस्ताव को केन्द्र सरकार द्वारा किये जाने कार्य, राज्य सरकार द्वारा किये जाने कार्य व स्थानीय प्रशासन द्वारा किये जाने कार्य में मंत्रालय के नाम लिखकर बाँटे तत्पश्चात एक ज्ञापन प्रस्तुत करें जिसे वह अग्रेसित कर सकें। जिससे हमारा कानपुर, नोयडा व गाजियाबाद की तर्ज पर उत्तर प्रदेश ही नहीं वरन उच्च पटल पर अपने नाम अंकित कर सकें।

सत्र का संचालन मर्चेंट्स चेम्बर के सचिव श्री महेंद्र नाथ मोदी ने किया।

चेम्बर के पूर्व अध्यक्ष डॉ. आई.एम. रोहतगी ने श्री ए.के.शर्मा जी का धन्यवाद देते हुए कहा कि श्री शर्मा जी का बहुमूल्य समय हम सबको प्राप्त हुआ एवं उन्होंने अपनी बातों में आज के सत्र में विभिन्न वर्गों द्वारा उठायी गयी अलग-अलग समस्याओं को प्रस्तुत किया साथ ही आश्वासन दिया कि हम सबको, सरकार व नागरिकों (प्रत्येक क्षेत्र), को समन्वय से कार्य करना होगा तभी सरकारी नीतियों का लाभ मिल सकेगा और चतुर्मुखी विकास की ओर हम सभी जन अग्रसर हो सकेंगे।

आज के सत्र में मुख्य रूप से श्री बी.एम. गर्ग, श्री बी.के लाहोटी, श्री आर.के. अग्रवाल, श्री श्याम मेहरोत्रा, श्री योगेश दुबे, श्री विजय पाण्डेय, डॉ. जे.एन. गुप्ता, श्री योगेश अग्रवाल, श्री रोहित अग्रवाल, श्री प्रेम मनोहर गुप्ता, श्री गुलशन धूपर, श्री शेष नारायण त्रिवेदी (पप्पू भैया), श्री लाड़ली प्रसाद, चेम्बर के सदस्यगण, व अन्य व्यापारिक संस्थाओं के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।